केंद्रीय विद्यालय संगठन
केन्द्रीय विद्यालय संगठन
आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,
के.वि.सं.कॉम्प्लेक्स,एन सी एच कालोनी, कांजूरमार्ग (पश्चिम) मुंबई-400078
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN
Zonal Institute of Education & Training
K.V.S. Complex, N.C.H. Colony,
Kanjurmarg (W),Mumbai-400078.
दूरभाष/ Tel. 20858264
ई-मेल/E-mail : zietmumbai@gmail.com
WEBSITE: https://zietmumbai.kvs.gov.in/

फा.क्र.35001-4/के. वि. सं/जीट (मुंबई)/2026-27/ 20368 से 20413 दिनांक :20.07.2026

प्राचार्य,
केन्द्रीय विद्यालय (संलग्न सूची अनुसार)
अहमदाबाद, रायपुर, जयपुर, पटना एवं मुंबई संभाग

विषय: **प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक ( हिन्दी)** हेतु **10.08.2026 से 13.08.2026 तक** आयोजित होने वाली 4-दिवसीय **मुखाभिमुख (Face-to-Face)** कार्यशाला **"अनुभवात्मक एवं संवादात्मक हिन्दी कक्षा: सक्रिय अधिगम की ओर"** हेतु दिशा निर्देश के संबंध में।

महोदया/महोदय,

उपरोक्त विषयानुसार सूचित किया जाता है कि आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, मुंबई में दिनांक **10.08.2026 से 13.08.2026 "अनुभवात्मक एवं संवादात्मक हिन्दी कक्षा: सक्रिय अधिगम की ओर"** प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक **( हिन्दी)** हेतु 04-दिवसीय मुखाभिमुख कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

उक्त कार्यशाला के सुचारु संचालन हेतु कृपया निम्नलिखित बिंदुओं से प्रायोजित प्रतिभागियों को अवगत कराने का कष्ट करें :

1. आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, मुंबई, नेवल सिविलियन आवास कॉलोनी में स्थित है एवं सुरक्षा कारणों से पहचान पत्र की मांग की जाती है अतः सभी प्रतिभागियों के पास, वैध पहचान पत्र होना आवश्यक है।
2. कार्यशाला प्रतिदिन प्रातः 9:00 am से 5:30 pm तक जारी रहेगी एवं सभी प्रतिभागी कार्यशाला के प्रथम दिवस दिनांक 10.08.2026 को प्रातः 8:00 बजे कार्यशाला स्थल पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगें। प्रतिभागी अपनी वापसी यात्रा का नियोजन यह ध्यान में रखकर करें कि अंतिम दिन (13.08.2026) का कार्यक्रम शाम 5:30 बजे तक संपन्न होगा।
3. प्रतिभागियों को केन्द्रीय विद्यालय संगठन के मानकों के अनुसार वर्किंग लंच प्रदान किया जाएगा।
4. प्रतिभागियों के ठहरने की व्यवस्था संस्थान के छात्रावास में की गई है।
5.प्रतिभागियों को अपने साथ **हिन्दी** की नई पाठ्यपुस्तकें एवं Laptop (लैपटॉप) लाना अनिवार्य हैं। कार्यक्रम के दौरान व्यावहारिक गतिविधियों और सहयोगात्मक कार्य के लिए इनकी आवश्यकता होगी।
6.प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रतिभागियों के साथ किसी भी परिवार के सदस्य या रिश्तेदार के रहने की अनुमति नहीं है।

**प्रतिभागी जीट मुंबई तक सुगमता से पहुंचने हेतु निम्नांकित बिंदुओं को ध्यान में रखें :**

i) आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मुंबई, एन. सी. एच. कॉलोनी के केंद्रीय विद्यालय संगठन आवासीय संकुल में मध्य रेल के कंजूरमार्ग रेल्वे स्थानक के पश्चिम में स्थित है एवं कंजूरमार्ग रेल्वे स्थानक मध्य रेल के दादर-ठाणे स्थानकों के बीच हैं।
ii) कृपया ध्यान दें कि कंजूरमार्ग रेल्वे स्थानक पर केवल धीमी गति की लोकल ट्रेन ही रुकती है। मुंबई सेंट्रल, दादर, ठाणे, बांद्रा टर्मिनस, छत्रपती शिवाजी महाराज टर्मिनस, छत्रपती शिवाजी महाराज हवाई अड्डा आदि से प्री-पेड़ टॅक्सी/ऑटोरिक्शा की सुविधा भी उपलब्ध है।
iii) यदि आप सड़क मार्ग से जीट मुंबई आना चाहते हैं तो पहचान के प्रमुख स्थल निम्नांकित हैं।
(अ) गाँधी नगर बस स्थानक
(ब) केन्द्रीय विद्यालय भांडुप, एम टी एम एल टेलीफोन एक्सचेंज के पास (जे वि एल आर फ्लाइओवर के नजदीक)

कार्यशाला के संबंध में स्पष्टीकरण के लिए प्रतिभागी निम्नलिखित व्यक्ति से संपर्क कर सकते हैं :
श्री राजेश शर्मा, प्रशिक्षण सहायक (पुस्तकालय), Contact No.9770967678
सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय

टी. प्रभुदास 20/07/26
(टी. प्रभुदास)
निदेशक

संलग्न : प्रतिभागियों की सूची।

प्रतिलिपि :

1.संयुक्त आयुक्त (प्रशिक्षण), के. वि. सं (मुख्यालय), नई दिल्ली – सूचनार्थ
2.उपायुक्त , के. वि. सं. अहमदाबाद, रायपुर, जयपुर, पटना एवं मुंबई संभाग।